>

Title: Need to conduct inquiry into the alleged misappropriation of funds released under National Rural Health Mission in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा राज्यों की आम एवं गरीब जनता के इलाज के लिए राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत काफी बजट दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत राज्यों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सरकारी अस्पतालों में नःशुल्क दवाओं, चिकित्सीय सुविधाओं एवं अन्य जीवन रक्षक उपकरणों के लिए धन आवंटित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत विगत 2005 से केन्द्र द्वारा आर्थिक सहायता राज्यों को दी जा रही है। इस मद में उत्तर प्रदेश में प्रतिवÂाऱ्न 3000 करोड़ रूपया केन्द्र द्वारा राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में दिया जा रहा है। राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में काफी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। ऐसी परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश के विगत तीन वÂाॅ में दिए गए राÂट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के पैसे में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग करता हूं।